न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED

(भारत सरकार का उद्यम A Government of India Enterprise)

निगम संचार समूह Corporate Communications Group

May 30, 2022

एनपीसीआईएल द्वारा ऐपकोस्ट- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र (एपीआरएससी), विजयवाडा को 700 मेगावाट न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र का मॉडल प्रदान किया गया।

NPCIL provides 700 MW NPP Model to APCOST- Regional Science Centre (APRSC), Vijayawada.

जन-जागरूकता में व्यापक वृद्धि के उद्देश्य से एनपीसीआईएल द्वारा ऐपकोस्ट- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र (एपीआरएससी), विजयवाडा, आंध्रप्रदेश को 700 मेगावाट न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र का अर्ध-चालित मॉडल प्रदान किया गया। दिनांक 27 मई, 2022 को, एपीआरएससी कर्मचारियों व विद्यार्थियों के लिए न्यूक्लियर विद्युत संबंधी प्रदर्शन व सूचनाएं उपलब्ध कराने के साथ ही साथ यह मॉडल प्रदान किया गया। न्यूक्लियर विद्युत संयंत्रों के बारे में आम जनता को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए न्यूक्लियर विद्युत संयंत्रों के ये अर्ध-चालित मॉडल एक बेहतर विकल्प हैं। यह मॉडल, न्यूक्लियर विद्युत प्रणालियों के विभिन्न पारंपरिक प्रणालियों के बारे में स्वचालित मौखिक विवरण के साथ ही न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र की कार्यप्रणाली की सरल एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से व्याख्या करता है। इस मॉडल में शामिल किए गए विभिन्न संरक्षा घटक, दर्शकों को न्यूक्लियर विद्युत संयंत्रों के पूर्णरूपेण सुरक्षित होने के प्रति आश्वस्त करते हैं।

To enhance public awareness activity manifold, NPCIL has provided a semi - dynamic model of 700 MW nuclear power plant to APCOST- Regional Science Centre (APRSC), Vijayawada, Andhra Pradesh. The model is handed over to the center on May 27, 2022, followed with a demonstration and information on nuclear power for the APRSC officials and students. The semi-dynamic NPP models are one of the best tools to educate / inform general public about the nuclear power plants. This model explains functioning of nuclear power plant in simple and interesting manner with running commentary of various conventional as well as nuclear systems. Various nuclear safety features are also incorporated in the model to build confidence in viewers that our nuclear power plants are absolutely safe.

श्री जे.डी.राव, प्रमुख ऐपकोस्ट- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र (एपीआरएससी), विजयवाडा द्वारा यह मॉडल प्राप्त किया गया। इस अवसर पर, श्री आर.सत्यनारायण, सेवानिवृत्त अधिशासी निदेशक, (सीपी एण्ड सीसी), एनपीसीआईएल, श्रीमती जी.वी.पद्मा, प्रशासनिक अधिकारी, एपीआरएससी, श्री के.एस.राव, लेखाधिकारी, एपीआरएससी व एपीआरएससी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। एनपीसीआईएल द्वारा एपीआरएससी में पहले ही एक लघु न्यूक्लियर दीर्घा की स्थापना की जा चुकी है। न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र का यह मॉडल, इसी लघु न्यूक्लियर दीर्घा में स्थापित किया गया है।

Shri J.D. Rao, Head of APCOST – Regional Science Centre, Vijayawada received the NPP model. Mr. R. Satyanarayana, retired ED (CP&CC) of NPCIL, Smt. G.V. Padma, Administrative Officer of APRSC, Shri K.S. Rao, Accounts officer of APRSC with other officials of APRSC have

attended this function. NPCIL has already established a Miniature Nuclear Gallery at APRSC. This NPP model is placed in the Miniature Nuclear Gallery.

आंध्र प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (ऐपकोस्ट), आंध्र प्रदेश राज्य सरकार के पर्यावरण, वन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन एक स्वायत्त निकाय है। ऐपकोस्ट का प्रमुख उद्देश्य गरीबी, बेरोजगारी के उन्मूलन, शिक्षा आदि के प्रयोजन से विकास संबंधी कार्यों के लिए विज्ञान व प्रौद्योगिकी के प्रयोग की संभावनाओं के क्षेत्रों का चिह्नांकन करना है। इस एपीआरएससी केंद्र में मनोरंजन विज्ञान दीर्घा, बायो-प्रौद्योगिकी दीर्घा, खगोल-विज्ञान दीर्घा, मानव संसाधन मशीनरी, पुस्तकालय, डायनासोर पार्क आदि उपलब्ध हैं। विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एपीआरएससी द्वारा अनेक सेमिनारों, व्याख्यान मालाओं, भ्रमण कार्यक्रमों, चल-वाहनों आदि का आयोजन-प्रबंधन किया जाता है। विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा व सूचनाओं के लिए यह केंद्र के विजयवाड़ा के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में से एक है।

Andhra Pradesh State Council of Science & Technology (APCOST) is an autonomous body under the Ministry of Environment, Forest, Science & Technology Department of Govt. of Andhra Pradesh. APCOST main aim is to identify the areas where Science & Technology can be applied for development activities and to achieve goals of eliminating poverty, unemployment, education etc. APRSC is having Fun Science Gallery, Bio-Technology Gallery, Astronomy Gallery, Human Machinery, Library, Dinosaur Park etc. APRSC organizes various seminars, lectures, visits, mobile vans etc., for popularization of science. This science center is one of the favorite places of Vijayawada for education / information on science.

(एस.के.जेना **S. K. Jena)**
वरिष्ठ प्रबंधक **Senior Manager** (एचआर-सीसी **HR-CC)**

<u>आयोजन की कुछ झलकियां Some of the glimpses of the occasion:</u>

द्वारा ऐपकोस्ट- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र (एपीआरएससी), विजयवाडा, का चित्र
A view of APCOST- Regional Science Centre (APRSC), Vijayawada.

श्री जे.डी.राव, प्रमुख ऐपकोस्ट- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र (एपीआरएससी), (बाएं से दूसरे),
श्री आर.सत्यनारायण, सेवानिवृत्त अधिशासी निदेशक, (सीपी एण्ड सीसी), एनपीसीआईएल, श्री के.एस.राव, लेखाधिकारी, एपीआरएससी (दाहिनी ओर से प्रथम), के साथ एपीआरएससी की हमारी लघु न्यूक्लियर दीर्घा के अन्य पदाधिकारीगण।
Shri J.D. Rao, Head of APCOST – Regional Science Centre (second from left),
Shri. R. Satyanarayana, retired ED (CP&CC) of NPCIL, Shri K.S. Rao (first from right), Accounts officer of APRSC with other officials of APRSC in our Miniature Nuclear Gallery.

एपीआरएससी के पदाधिकारीगण के लिए लघु न्यूक्लियर दीर्घा में न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र मॉडल की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन
Demonstration of NPP Model functioning for APRSC officials inside the Miniature Nuclear Gallery.

एपीआरएससी के पदाधिकारीगण व विद्यार्थियों के लिए लघु न्यूक्लियर दीर्घा में न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र मॉडल की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन.

Demonstration of NPP Model functioning for APRSC officials and students inside the Miniature Nuclear Gallery.

हमारी लघु न्यूक्लियर दीर्घा में न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र मॉडल के साथ एपीआरएससी के पदाधिकारीगण Officials of APRSC with the NPP Model in our Miniature Nuclear Gallery.

न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र मॉडल के साथ एपीआरएससी के पदाधिकारीगण व विद्यार्थी

APRSC officials and students with the NPP Model.